हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 18 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

11 भैयापुर, बोहर व मकड़ौली खुर्द में अवैध ..

12 नहरों के जल को स्वच्छ रखना सामूहिक ..

बजट को किसी ने सराहनीय तो किसी ने निराशाजनक बताया

जिले में एमडीयू में खेल उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने और नागरिक अस्पताल में 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पहली बार वित्त मंत्री के तौर पर सोमवार को विधानसभा में बजट पेश किया। बजट का फोकस प्रदेश के पांच जिलों गुरुग्राम, हिसार, फरीदाबाद, सोनीपत और रेवाड़ी पर रहा। इन जिलों के लिए बड़ी घोषणाएं की गई। इसके अलावा कांग्रेस के गढ़ रहे रोहतक के लिए कम घोषणाएं की गई। एमडीयू में खेल उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने, नागरिक अस्पताल में 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाने, मॉडल स्कूल में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्पोर्ट्स बनाने, अस्पताल को एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस देने की घोषणाएं शामिल हैं। लोगों ने बजट पर मिलीजुली प्रतिक्रियाएं दी। सत्ता पक्ष ने जहां बजट को सराहा वहीं विपक्ष ने इसे निराशाजनक बताया है।

महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनेगी

बजट ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी है। सरकार ने इस बजट से हरियाणा की जनता के सपनों को साकार करने की दिशा में एक बड़ा और सशक्त कदम उठाया है। महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2100 प्रति माह की आर्थिक सहायता देने का कदम ऐतिहासिक है। इससे महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी। महिला उद्यमिता को बढावा देने के लिए महिला उद्यमियों को 1 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। भाजपा में बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरी देने का वादा निभाया है और आगे भी निभाएंगे। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा निवेश किया गया है, जिससे प्रदेश की सामाजिक संरचना मजबूत होगी। **-शमशेर सिंह खरक** प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी

हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ खास

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किया गया बजट उन्नत हरियाणा के हर वर्ग की उन्नति और खुशहाली के साथ साथ हरियाणा के भविष्य के सपनों को साकार करने वाला है। बजट 2025 में किसान, युवा स्टार्टअप, नारी शक्ति के सशक्तिकरण के साथ-साथ नशा मुक्त युवा और हरियाणा के लिए विशेष प्रावधान मुख्यमंत्री ने किया है। प्रदेश के भविष्य को सक्षम और सुरक्षित करने के लिए राजकीय मॉडल संस्कृत विद्यालयों की तर्ज पर हर जिले में राजकीय महाविद्यालय को मॉडल संस्कृत महाविद्यालयक के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच का परिणाम है।
-एडवोकेट सुरेन्द्र माडू, सीएम विंडो,

उद्योग जगत के लिए निराशाजनक

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी द्वारा पेश किया गया बजट उद्योग एवं व्यापार जगत के लिए निराशाजनक है। उन्होंने बजट में उद्यमियों एवं व्यापारियों के लिए कुछ खास नहीं है। पूरे बजट उद्योग व व्यापार जगत के लिए जो थोड़ी बहुत योजनाओं का जिक्र है वो उन्हें देखकर लगता है कि प्रदेश सरकार ने सिर्फ अपना कोरम पूरा करने के लिए उनका प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के उद्यमियों व व्यापारियों के लिए इंस्पैक्टरी राज से मुक्ति और जान-माल की की रक्षा के सुरक्षित माहौल उपलब्ध करवाना सबसे बड़ा मुद्दा है लेकिन पूरे बजट में ऐसी समस्याओं के समाधान का कोई जिक्र नहीं है।
-गुलशन डंग प्रदेशाध्यक्ष, राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन

बजट हर वर्ग के लिए निराशा भरा

सीएम नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में बजट पेश किया, लेकिन यह बजट हर वर्ग के लिए निराशा भरा है। सरकार पर कर्ज बहुत ज्यादा है। विकास के लिए कुल बजट का मात्र 8 प्रतिशत बजट है। जो सरकार कर्ज पर चल रही है वह विकास कैसे करेगी। सरकार महिलाओं को कैसे हर माह राशि जारी करेगी, यह सब सम्भव नहीं है। कैसे सरकार चलाएंगे। सिर्फ घोषणाएं की जा रही हैं। रोहतक की बात करें तो यहां के लिए कोई विशेष घोषणा नहीं की गई। विकास के नाम पर कुछ नहीं किया गया।
-बीबी बत्रा, विधायक कांग्रेस रोहतक

सभी वर्गों का पूरा-पूरा ध्यान रखा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में दो लाख 5 हजार 17 करोड़ का बजट पेश किया। हरियाणा बजट 2025 पिछले साल के बजट की तुलना में 13.7 प्रतिशत ज्यादा है। इस बजट में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सभी वर्गों का पूरा-पूरा ध्यान रखा है। इसी वर्ष शुरू किए मिशन हरियाणा 2047 के जरिए हरियाणा में 50 लाख युवाओं को रोजगार देने का काम सरकार करेगी। इस मिशन के लिए सरकार 5 करोड रुपए का प्रस्ताव कर रही है। वही डंकी रूट के जरिए युवाओं की जिंदगी से हो रहे खिलवाड़ को लेकर हरियाणा सरकार कठोर कानून लेकर आएगी। हरियाणा स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉरपोरेशन युवाओं के लिए वैश्विक रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। खिलाड़ी बीमा योजना का ऐलान किया गया है। **-डॉ अशोक कुमार रंगा**, जिला प्रभारी भाजपा

व्यापारियों में बजट को लेकर उत्साह

हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विजय लक्ष्मी चंद गुप्ता ने हरियाणा सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत इस बजट में व्यापारियों के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिनमें व्यापारियों के दुर्घटना बीमा एवं सामूहिक प्राकृतिक आपदा बीमा योजना शामिल हैं। इस योजना के अंतर्गत चोरी, शॉर्ट सर्किट से आग लगना, बाढ़ आदि से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए बीमा का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा व्यापार मंडल सरकार द्वारा आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 नई औद्योगिक मॉडल टाउनशिप विकसित करने के निर्णय का स्वागत करता है। **विजय लक्ष्मी चंद गुप्ता**, व्यापारी

कृषि के लिए बजट में कुछ खास नहीं

किसान सभा ने हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 2025-26 वित्त वर्ष के लिए पेश किया गए बजट को निराशाजनक बताया है। सभा ने कहा है कि केंद्रीय बजट में भी कृषि क्षेत्र में अनेक कटौतियां की गई थी और अब राज्य के बजट में भी कृषि और किसानों के लिए कोई भी उल्लेखनीय राहत नहीं दी गई। कृषि में बढ़ते लागत मूल्य को कम करने के कारगर कदम उठाए जाने चाहिए थे। परन्तु बजट में ऐसा कोई भी प्रावधान नहीं है। जैविक खेती, भंडारण,भूमि संरक्षण,फसल चक्र में परिवर्तन करने जैसी जुमलेबाजी हर वर्ष के बजट में दोहराई जाती है परन्तु होता कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के फर्जीवाड़े पर बजट भाषण में कुछ भी उल्लेख नहीं है। **-सुमित दलाल** महासचिव, किसान सभा

खबर संक्षेप

मदवि: 16 शोधार्थी पीएचडी पात्र घोषित

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने परीक्षकों के बोर्ड तथा शोध समिति की अनुशंसा पर 16 शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है।परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि पीएचडी डिग्री के पात्र शोधार्थी हैं- बायोकेमिस्ट्री से अन्नू, माइक्रोबायोलॉजी से लवकेश, जूलॉजी से अंशु राज, फूड टेक्नोलॉजी से सोनिया, संस्कृत से विजय लक्ष्मी, हिन्दी से देवेन्द्र कुमार, गणित से रेनू देवी, अंशु शर्मा व प्रिंसी, कंप्यूटर साइंस से अंचल, लॉ से मनु अहलावत, फार्मेसी से सुनीता, अरूण कुमार व पूनम, मनोविज्ञान से नरसी मुकामी मिशेल तथा भूगोल से संदीप।

मदवि में 24 को विस्तार व्याख्यान

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग 24 मार्च को- वेस्ट एशिया इन टर्मोइल एंड स्टेक्स फॉर इंडिया विषय पर विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन करेगा। रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने बताया कि जयपुर विश्वविद्यालय के प्रो. करोड़ी सिंह बतौर मुख्य वक्ता यह व्याख्यान देंगे।

चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि रामगोपाल कॉलोनी निवासी दीपक की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई।

जिला बार एसोसिएशन में शांतिपूर्ण हुआ चुनाव

उप प्रधान बने अजय ओहल्याण प्रधान पद पर पहले हो चुका चुनाव

1936 अधिवक्ताओं ने वोट डाले

- प्रधान पद पर पहले हो चुका चुनाव, दीपक हुड्डा चुने गए थे प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिला बार एसोसिएशन का चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सुबह से शाम तक 1936 अधिवक्ताओं ने वोट डाले। शाम को मतगणना की गई। जिसमें अजय ओहल्याण उप प्रधान चुने गए। राजकरण पंघाल महासचिव चुने गए। जबकि डिंपल संयुक्त सचिव और लाइब्रेरियन अनिल कुमार चुने गए। चुनाव अधिकारी प्रदीप मलिक एवं उनकी टीम की देखरेख में चुनाव करवाए गए। रिजल्ट की घोषणा होते ही विजयी प्रत्याशी उत्साहित नजर आए और जश्न मनाया। इसके बाद जीतने वाले पदाधिकारी बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के चेयरमैन डॉ विजेंद्र सिंह अहलावत से मिले।

रोहतक। चुनाव जीतने के बाद दीपक हुड्डा अन्य विजेताओं के साथ। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा चेयरमैन डॉ. विजेंद्र अहलावत के साथ विजेता प्रत्याशी। फोटो : हरिभूमि

डिंपल

अनिल कुमार

15 ईवीएम, 3 फिंगर प्रिंट मशीनें लगाई

बार एसोसिएशन चुनाव कराने के लिए 15 ईवीएम मशीनें लगाई गई। 5 मशीनें रिजर्व में रखी गई। प्रशासन की तरफ से 3 फिंगर प्रिंट मशीनें लगाई, जिसमें उंगली स्कैन होने के बाद ही वकीलों ने वोट डाला। फर्जी वोट डालने पर पूरी तरह से रोक लगाई गई। जिन लोगों के वोट रद्द हो गए थे, उन्हें वोट डालने का अधिकार नहीं मिला। अधिवक्ता चुनाव प्रक्रिया को मतदान केंद्र के बाहर लगी स्क्रीन पर भी देखते रहे।

प्रर्ची दिखाते हुए मतदाता

किसे कितने वोट मिले

उप प्रधान चुने गए अजय ओहल्याण

नाम	वोट
अजय ओहल्याण	597
संदीप खत्री	553
अभीजीत चौधरी	547
सुशीला देशवाल	239

महासचिव चुने गए राजकरण पंघाल-

नाम	वोट
राजकरण पंघाल	784
कर्ण नारंग	775
हर्ष वर्धन	377

संयुक्त सचिव चुनी गई डिंपल

नाम	वोट
डिंपल	890
साक्षी लांबा	550
ज्योति राणा	496

लाइब्रेरियन चुने गए अनिल कुमार

नाम	वोट
अनिल कुमार	1293
अशोक सिवाच	643

भारी पुलिस बल रहा तैनात

पिछली बार 28 फरवरी को होने वाले चुनाव को विवाद के चलते टाल दिया गया था। उस समय वोटर लिस्ट को लेकर विवाद था। इसलिए अब दोबारा चुनाव करवाया गया। तनाव न हो, इसके लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा। हाल ही में प्रधान पद के उम्मीदवार दीपक हुड्डा को प्रधान नियुक्त किया गया था। क्योंकि प्रधान पद के दूसरे उम्मीदवार अरविंद श्योराण को डी बार कर दिया गया था।

परिणाम घोषित

सुबह आठ बजे मतदान शुरू कर दिया गया। शाम पांच बजे तक मतदान हुआ। करीब 45 मिनट में मतगणना कर चुनाव का परिणाम जारी कर दिया गया। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ। **-प्रदीप मलिक**, चुनाव अधिकारी

रोहतक। बोर्ड की परीक्षा देकर बाहर आते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सोशल साइंस की परीक्षा में दो यूएमसी बने, पर्यवेक्षक रिलीव

- परीक्षा सेंटरों के बाहर पुलिस का पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सोमवार को हुई हरियाणा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में दो यूएमसी केस बने और ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर एक सुपरवाइजर को रिलीव कर दिया गया। दोनों यूएमसी केस आदर्श गुरूकुल सिंहपुरा में बनाए गए हैं, जहां सेक्रेटरी स्पेशल फ्लाइंग की टीम ने नकल करते पाए जाने पर दो विद्यार्थियों का यूएमसी बनाया और इसी सेंटर के एक पर्यवेक्षक को रिलीव भी किया गया है। फ्लाइंग टीम ने जिले के चार सेंटरों का निरीक्षण किया, जहां यूएमसी केस आदर्श गुरूकुल सिंहपुरा में बना। बता दें कि सोमवार को दसवीं कक्षा के छात्रों का सोशल साइंस का पेपर था।

चार स्कूलों का किया निरीक्षण

सोवार को एसडीएम फ्लाइंग की टीम ने चार स्कूलों का निरीक्षण किया। सीटीएम अंकित कुमार के नेतृत्व में टीम ने गवर्मेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांधी नगर, जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सैनी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दौरा किया। जहां पर व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। इस टीम में विकास शर्मा, विकास ढलवाल और पूनम मौजूद रहे।

44 सेंटरों पर परीक्षा

सोमवार को दसवीं कक्षा की परीक्षा 44 सेंटरों पर हुई। यह परीक्षा कुल 9782 विद्यार्थियों ने देनी थी, जिनमें से 9644 छात्रों ने परीक्षा दी और 138 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा का समय दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक था। विद्यार्थी अपने अपने सेंटरों पर समय से करीब एक घंटा पहले ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए थे, बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी थे।

टास्क पूरा करने के नाम पर 128050 रुपये की ठगी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने टास्क के नाम पर हुई 128050 रुपये की ठगी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी अंकिता ने बताया कि तिलक नगर निवासी शर्मिला की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि इंस्टाग्राम पर शर्मिला को एक्सआईएनवाई-1 नाम से एक आईडी मिली। जहां से शर्मिला की व्हाटसअप पर बात हुई जिन्होंने शर्मिला की कुछ डिटेल ली।

नियुक्ति | जिला अध्यक्ष के सम्मान में भाजपा प्रदेश कार्यालय में भव्य समारोह

संगठनात्मक मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे : जिला अध्यक्ष

एडवोकेट रणवीर ढाका फिर बने भाजपा के रोहतक जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर के 22 जिलों में 27 नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की है। इन नियुक्तियों को लेकर रविवार को प्रत्येक जिले में नोमिनेशन फॉर्म भरे गए थे तथा सोमवार को जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई। इसी कड़ी में रोहतक के जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका को पुनः जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ढाका की नियुक्ति पर सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने उन्हे फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा बधाई दी तथा चुनाव अधिकारी संदीप जोशी ने जिला अध्यक्ष को मिठाई खिलाकर अध्यक्ष को कुर्सी पर बैठाकर पदभार संभलवाया। जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है वह उस पर खरा उतरेंगे। इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर जिला प्रभारी सतेंद्र परमार भी पहुंचे, इसके उपरांत उन्होंने पत्रकार वार्ता को भी संबोधित किया। जिला प्रभारी सतेंद्र परमार ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जिसमें कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं पार्टी निष्ठा को देखते हुए उन्हे आगे बढ़ाया जाता है और जो जिम्मेवारियां कार्यकर्ताओं को दी जाती है, कार्यकर्ता भी उसे निभाने का कार्य करते है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली पार्टी है, जिसमे बिना किसी भेदभाव व बिना किसी विवाद के पार्टी व देश हित में फैसले लिए जाते है तथा अपने उसी मूल उद्देश्य पर चलते हुए भारतीय जनता पार्टी ने लोकतांत्रितक तरीके से प्रदेश भर में जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां की है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, तभी से केंद्र व प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी फैसले ले रही है, जिसके चलते प्रदेश से भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से लगाम लगी है। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री बनते ही अपने वायदे अनुसार 24 हजार युवाओं को नौकरी बिना पर्ची-बिना खर्ची पर देकर भ्रष्टाचार विरोधी होने का सबसे बड़ा उदाहरण पेश किया है। इस अवसर पर जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, निवर्तमान मेयर मनमोहन गोयल, प्रदेश सचिव रेणु डाबला, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक, पूर्व विधायिका सरिता नारायण, जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह हुड्डा, हरिओम भाली, अंकुश बिडडू, जिला कोषाध्यक्ष अमित बंसल, रमेश अत्री, राजकुमार सुनारिया अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रोहतक। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका को बधाई देते चुनाव अधिकारी संदीप जोशी व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

टिटौली के पास रोडवेज की बस का टायर फटा, यात्रियों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव टिटोली के पास सोमवार को जींद डिपो की रोडवेज बस का टायर फट गया। जिसकी वजह से बस के टायर की उपर वाली सीट भी धंस गई। इस हादसे की वजह से बस में सवार चार यात्रियों को चोट लग गई। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। बस जींद डिपो की थी, जो पटियाला से गुरूग्राम जा रही थी। घटना सुबह करीब 11 बजे की है।

मची अफरा तफरी

बता दें कि अचानक बस का टायर फट जाने से बस में अफरा तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि बस में क्षमता से अधिक सवारियां बैठी थी। इस घटना में एक बुजुर्ग महिला सहित 4 सवारी घायल हुई। गनीमत ये रही कि इस हादसे में जान मान का नुकसान होने से बच गया।

ड्राइवर ने बस को संभाला

बस का टायर फटने से टायर के ऊपर वाली सीट धंस गई। जिससे सीट पर बैठे यात्रियों को हल्की चोट आई। ड्राइवर ने बस को संभालते हुए रोका और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। ड्राइवर की समझदारी के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया।

4 यात्रियों को हल्की चोट आई

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के सदस्य जयकुंवार ने बताया कि गांव टिटोली के पास बस का टायर फटने के कारण कुछ यात्रियों के चोटिल होने की सूचना मिली थी। ड्राइवर की समझदारी के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। 4 यात्रियों को हल्की चोट आई है। बस को ड्राइवर व कंडेक्टर ने जींद डिपो में सूचना दे दी है।

रोहतक मंगलवार
18 मार्च 2025
हरिभूमि
सहेली



स्पेशलः इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस, 20 मार्च

खुश रहना जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वस्थ जीवन के लिए खुशी बहुत जरूरी है। खुश इंसान शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर न सिर्फ अपना जीवन संवारता है, दूसरों की भी संभाल और देखभाल कर सकता है। आपसी केयरिंग-शेयरिंग इंसान को बहुत बड़ा संबल देती है। शायद इसीलिए इस साल इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस की थीम है- शेयरिंग इज केयरिंग। यह बात आज के दौर में तब और ज्यादा मायने रखती है, जब समाज-परिवार में आपसी संवाद और अपनेपन के भाव कम होते जा रहे हैं।

संभाल-साझेदारी के भाव देते हैं खुशियां

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

खुश रहना खुद के प्रति भी एक जिम्मेदारी है। खुश रहकर ही खुशहाल परिवेश बनाया जा सकता है। खुशमिजाज अभिभावक ही नई पीढ़ी को खुशियों की विरासत दे सकते हैं। खुश रहने से सेहत अच्छी रहती है। स्वस्थ इंसान ही अपने से जुड़े लोगों की केयर कर सकता है। खुशियां अपने साथ हर तरह की सुखदायी सौगात लेकर आती हैं। यही वजह है कि थोड़ा ठहर कर मन को समझने की जरूरत होती है। भावनाओं की दिशा को आंकने की दरकार होती है। नाखुशी के कारण जानने की कोशिश आवश्यक है। इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस ऐसी ही बातें याद दिलाती है।

जरूरी हैं संभाल-साझेदारी के भाव

साल 2025 में इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस की थीम 'शेयरिंग इज केयरिंग' है। यानी संभाल-देखभाल और साझेदारी के इमोशंस से जुड़ी है। यह सब्जेक्ट मेंटल हेल्थ से लेकर रिश्तों और शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं को भी संबोधित करता है। साझेदारी और संभाल दोनों ही बातें व्यक्तिगत ही नहीं, पूरे समाज की खुशहाली से जुड़े भाव हैं। इतना ही नहीं, शेयरिंग और केयरिंग का भाव एक-दूजे से भी गहराई से जुड़ा है। मन जीवन से जुड़ी बातों और हालातों को साझा करने से संभाल देखभाल की राह निकलती है।

खुशियों की साझी बुनियाद

दिल की बात कहना, समझाइश देना, समय निकालना या कोई काम की चीज देकर सहयोग करना शेयरिंग है। इसी की बुनियाद पर केयरिंग सोच के इमोशन भी टिके हैं। अपने दिल के भाव साझा करना विश्वास और सम्मान से जुड़ा है। वहीं किसी को समझने-जानने के लिए समय निकालने का भाव केयरिंग है। यह खुशियां पाने की साझी बुनियाद है। शेयरिंग और केयरिंग से जुड़े इमोशंस बहुत पॉजिटिव होते हैं। भरोसे की नींव मजबूत करते हैं। दो इंसानों में ही नहीं, पूरे समाज में सहयोग की भावना बढ़ाते हैं। एक-दूसरे की परवाह करने की सोच को बल देते हुए हर परिस्थिति को सहज बनाए रखने वाले इमोशंस हैं।

समझना मुश्किल नहीं, इन बातों से हर इंसान को खुशी ही मिलती है। ऐसे हालातों में सभी के लिए सहजता से खुशियों को जीने की राह निकलती है।

केयरिंग कल्चर की जरूरत

मौजूदा दौर में सचमुच केयरिंग कल्चर को अपनाने की आवश्यकता है। किसी घर में बच्चे अकेले समय बिता रहे हैं तो कहीं बुजुर्गों को सेवा-सुश्रूषा नहीं मिल पा रही है। ऐसे में एक दूजे की केयर करने और साथ देने का भाव हर किसी को खुशी ही देगा। यों भी सुख-दुख साझा करने से ही खुशियां पाई जा सकती हैं। देखभाल की इस संस्कृति को विस्तार देने का पहला पड़ाव शेयरिंग ही है। आपसी संवाद से अपनेपन का भाव आता है। आपाधापी भरी जिंदगी में तो आस-पड़ोस में भी आपसी संवाद की कड़ी टूट गई है। परिवार के सदस्य भी एक-दूसरे से कम ही बतियाते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इस अलगाव के साथ ही नाखुशी भी विस्तार पा रही है। अनहैप्पी लोगों के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। हर उम्र के लोग अकेलेपन और अवसाद के घेरे में हैं। इसीलिए मन की परेशानियां साझा करने के साथ ही केयरिंग कल्चर को बढ़ावा देना भी जरूरी है। पारस्परिक निर्भरता से बनने वाला सहयोगी परिवेश सभी की झोली में खुशियां भर देता है।

खुशियों का स्वागत

हाल के वर्षों में दुनिया के हर समाज में ही असंतोष, चिंता, उदासी, गुस्से और अपराधबोध के इमोशंस बढ़े हैं। लोग खुश रहने और दूसरों को खुश रखने वाले सहज व्यवहार को भूल रहे हैं, जबकि वैज्ञानिक अध्ययन भी कहते हैं कि दोस्तों और परिवार का साथ देने वाले लोगों की मेंटल और फिजिकल हेल्थ बेहतर रहती है। यह जुड़ाव जितना गहरा होगा, इंसान उतना ही अच्छा महसूस करता है। यानी शेयरिंग और केयरिंग दूसरों को खुशी देने का ही नहीं, खुद को खुश रखने का भी रास्ता है। उदार सोच अपने मन को भी तनाव से दूर रखती है। यह भाव कॉमन खुशियों को न्योता देने वाला है, क्योंकि लोगों की खुशी पूरे समाज की खुशहाली से जुड़ी है। इसीलिए हैप्पीनेस के स्वागत के लिए किसी दोस्त की सहायता करने और इमोशनल सपोर्ट देने का भाव रखें। जरूरतमंद इंसान की मदद करने के मोर्चे पर डटें। उदासी से जूझते किसी इंसान के साथी बनें। जितना संभव हो उचित सलाह देने का प्रयास करें। आम-सा लगने वाला यह मेल-जोल हर किसी को खुशी ही देता है।

अपनी मम्मी के साथ टीनएज गर्ल्स क्यों करती हैं मिसबिहेव

बिहेवियर
नीलम अरोड़ा

एक समय था सविता और उसकी टीनएज बेटी प्रियंका के बीच आए दिन तकरार होती थी। स्कूल की क्लास बंक करना, ट्यूशन की क्लास बंक करना, जिनके साथ सविता मना करती थी, उनके साथ इधर-उधर घूमना, कमरा बंद करके अपनी फ्रेंड्स के साथ घंटों बातचीत में लगे रहना, इन आदतों से सविता अकसर उसे डांटती रहती थी। बीच-बीच में सविता और उसकी बेटी के साथ रिश्ते काफी खराब हो गए थे। आज सविता की बेटी पचीस साल की एक समझदार, सुलझी हुई और अपने करियर के प्रति बहुत सीरियस युवती है। आज सविता को समझ में आ चुका है कि अकसर बेटियां और मांएं क्यों एक लंबा समय तनाव के बीच गुजारती हैं।

मां-बेटी के बीच क्यों रहता है तनावः टीनएज में जहां बेटियां हार्मोनल परिवर्तन का सामना कर रही होती हैं, वहीं मांएं भी बेटियों के मूड स्विंग, चिड़चिड़ापन और बात-बात पर कटाक्ष और मिसबिहेव से खीजती हैं। मांएं अपनी बेटियों पर कंट्रोल करना चाहती हैं, लेकिन बेटियां उनको सुनने को तैयार नहीं होतीं। बेटी की अनमैच्योरिटी और उसमें समझ की कमी मांओं को और ज्यादा तनावग्रस्त करती है। एक-दूसरे के प्रति शिकवा-शिकायतें, गलतफहमियां रहती हैं। नतीजा यह होता है कि दोनों के बीच लंबे समय तक बातचीत बंद हो जाती है। कई बार तो किशोर बेटी मां से बहुत दूर होती जाती है। सविता की तरह बहुत-सी मांएं अपनी टीनएजर बेटी के मिसबिहेव को सहती हैं, तनाव में रहती हैं।

क्या करें टीनएजर के पैरेंट्सः टीनएज में लड़कियों के मूड या व्यवहार में अचानक परिवर्तन दिखता है। ऐसे में मांओं को समझदारी के साथ गहराई से सोचना चाहिए कि बेटी छोटी-छोटी बातों पर क्यों गुस्सा हो जाती है? दरअसल, टीनएज में जब बच्चे अपने अलग व्यक्तित्व और पहचान को प्रकट करना चाहते हैं तो पैरेंट्स की नसीहतें उन्हें अपनी आजादी में खलल लगती है, जिसकी वजह से मां-बेटी के रिश्तों में कड़वाहट आ जाती है। ऐसे में मां को ही समझदारी से काम लेना चाहिए। अगर टीनएज बेटी के ड्रेसिंग या अन्य एक्टीविटीज के बारे में मां को कोई परेशानी या आपत्ति है तो बेटी को अपने बारे में कुछ डिसीजन लेने की छूट दें, लेकिन कुछ सीमाओं के साथ।

पीयर प्रेशर का सामनाः आजकल के टीनएज बच्चे पीयर प्रेशर, समाज में अपनी स्थिति, एजुकेशन, करियर और अन्य दूसरी चीजों के कारण तनाव और दबाव पहले की तुलना में ज्यादा महसूस करते हैं। इस तरह की बातें टीनएज लड़कियों को चिड़चिड़ी और तनावग्रस्त बनाती हैं। इन सबका गुस्सा अकसर टीनएज बेटियां अपने मम्मी-पापा पर उतारती हैं, वे अपनी मम्मी से चिढ़ने लगती हैं। पैरेंट्स के रूप में मांओं को उन पर पड़ने वाले दबावों के प्रति सजग रहते हुए उनकी मानसिक स्थिति को समझना चाहिए। क्योंकि कभी-कभी दुख और अवसाद के क्षणों में हमें भी ऐसे महसूस होता है कि कोई तो हमारी सुने, तो फिर अपनी बेटी की शिकायत हमें क्यों परेशान करने वाली लगती है? चीजों को देखने का नजरिया उसका भले ही मैच्यौर न हो, लेकिन उसकी भावनाएं तो मायने रखती हैं। 'तुम इतना परेशान क्यों हो' कहने की बजाय 'हां, मैं समझ सकती हूं, तुम परेशान हो, मैं तुम्हारी क्या हेल्प कर सकती हूं?' कहकर आप उसका मन हल्का कर सकती हैं।

बेटी के साथ रखें अच्छा कम्युनिकेशनः बेटी के साथ कम्युनिकेशन का रास्ता हमेशा खुला रखें। टीनएज बेटी के साथ ज्यादा सख्त व्यवहार स्थिति को और नाजुक बना सकता है। इस बात को मांएं याद रखें, उनकी बेटी तो बड़ी हो रही है लेकिन वे स्वयं बड़ी हैं।

इंटीरियर
रेखा

वैसे तो घर में फ्लोरिंग कराने के कई ऑप्शंस अवेलेबल हैं। लेकिन अगर आप कम बजट में अट्रैक्टिव लुक चाहती हैं तो वुडेन फ्लोरिंग अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

वुडेन फ्लोरिंग घर को दे अट्रैक्टिव लुक

आज के समय में बहुत लोग अपने घरों में महंगे मार्बल्स की जगह लकड़ी से बनी फर्श बनवाना पसंद करते हैं। इसे वुडेन फ्लोरिंग कहा जाता है। इससे घर का इंटीरियर लुक ही बदल जाता है। यही वजह है कि इन दिनों वुडेन फ्लोरिंग काफी ज्यादा चलन में हैं।

ट्रेंड में है वुडेन फ्लोरिंग : इन दिनों वुडेन फ्लोरिंग काफी ज्यादा ट्रेंड में है। ज्यादातर लोग इसे पसंद कर रहे हैं। खास बात यह है कि वुडेन फ्लोरिंग अपनी इंसुलेटिंग क्षमता के कारण लंबे समय तक खराब नहीं होती। इसे केवल 3-4 घंटों में ही रेडी किया या जा सकता है, क्योंकि तख्तों को एक-दूसरे के साथ एक विशेष बॉन्डिंग के साथ जोड़ते हुए इंटरलॉक किया जाता है। इसे लगाना आसान है। इसे लगाने पर लॉक करने के लिए 'टंग एंड ग्रूव' तकनीक या किसी चिपकाने वाले पदार्थ अथवा कीलों का प्रयोग करते हैं। बाजार में डिफरेंट पैटर्न और लुक में आपको वुडेन फ्लोरिंग के ऑप्शंस मिल जाएंगे।

डिजाइनर नक्काशीः इसे कवर्ड पैटर्न भी कहते हैं। इस पैटर्न में लकड़ी पर डिजाइनर नक्काशी की जाती है। यह एक बेहद खूबसूरत कला है। डिजाइनर नक्काशी वाली वुडेन फ्लोरिंग की कलर और अपीयरेंस, सूरज की रोशनी में और चमक उठता है।

बॉक्स डिजाइंड पैटर्नः इसे परक्यूट पैटर्न भी कहते हैं। फ्लोरिंग का यह पैटर्न आपके रूम को बिल्कुल नया और वार्म लुक देता है। बॉक्स डिजाइंड का यह पैटर्न चेस बोर्ड की तरह लाइट और ब्राइट कलर कॉम्बिनेशन में आता है, जिससे रूम को बहुत डिफरेंट और अट्रैक्टिव लुक मिलता है।

हीरिंगबोन पैटर्नः यह पैटर्न जिग-जैग डिजाइन में मिलता है। यह पैटर्न घर को रैंडम लुक देता है। वुडेन का क्रीमिश कलर मैचिंग दीवारों के साथ खूब फबता है।

बॉर्डर पैटर्नः वुडेन फ्लोरिंग का यह पैटर्न आपके फ्लोर के बॉर्डर को आउटलाइन करता है। इससे कमरे को फॉर्मल लुक मिलता है। अगर आप बिना डिजाइन की फ्लोरिंग चाहती हैं, तो इस वुडेन पैटर्न को चूज कर सकती हैं।

जब संभव न हो रियल वुड फ्लोरिंगः अगर आपको लगता है कि रियल वुडेन फ्लोरिंग आपके बजट में नहीं है, तो इस बात को लेकर अफसोस करने की जरूरत नहीं है कि आप अपने घर को खूबसूरत लुक नहीं दे पाएंगी। आधुनिक तकनीक की वजह से आज बाजार में ऐसी फ्लोरिंग उपलब्ध हैं, जो वुडेन न होने के बावजूद उस जैसी ही लगती हैं। इसे लगाकर आप कम खर्च में हार्डवुड जैसा एलिगेंट लुक डेकोर में ला सकती हैं। ये डिजाइन विनायल प्लैंक फ्लोरिंग यानी पॉली विनायल क्लोराइड (पीवीसी) से बनी होती है। यह एक बहुत ऊंची क्वालिटी का प्लास्टिक होता है, जिसके पीछे चिपकाने वाला पदार्थ लगाकर फ्लोर पर चिपका दिया जाता है। देखने में बिल्कुल हार्डवुड जैसी लगने वाली यह वूडेन फ्लोरिंग, वाटरप्रूफ भी होती है और इस पर दीमक भी नहीं लगती है।

• वुडेन फ्लोरिंग की ऐसे करें केयर

वुडेन फ्लोरिंग पर जमी धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए सूखे कपड़े से ही पोंछें। हर 5-6 साल के अंतराल पर फर्श को पॉलिश जरूर कराएं। अगर कमरे की फर्श पर धूप आती है, तो वहां परदे का इस्तेमाल करें, क्योंकि धूप से लकड़ी का रंग फीका पड़ सकता है। फर्श पर पानी इकट्ठा न रहने दें, क्योंकि इससे लकड़ी खराब हो सकती है।

हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

बालों की समस्याएं दूर करने में कारगर है नीबू

बढ़ते पॉल्यूशन और केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स यूज करने की वजह से बहुत सी महिलाएं कम उम्र में ही बाल सफेद होने की समस्या का सामना करने लगती हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए यूज किए जाने वाले कई हेयर केयर प्रोडक्ट्स की वजह से बालों में अन्य प्रॉब्लम्स जैसे-डेंड्रफ, रूखे-कमजोर बाल, बालों का झड़ना, शुरू हो सकती हैं। इन सभी प्रॉब्लम्स से बचने के लिए आप नीबू का अलग-अलग तरह से यूज कर सकती हैं।

नीबू का रस-कैस्टर ऑयलः बाउल में एक चम्मच कैस्टर ऑयल (अरंडी का तेल) में तीन से चार बूंदें नीबू का रस मिलाकर उसे हल्का गुनगुना कर लें। इस मिश्रण से स्कैल्प पर अच्छे से मसाज करें फिर इसे आधे घंटे तक छोड़ दें। इसके बाद माइल्ड शैंपू से धो लें। इस मिश्रण को हफ्ते में दो-तीन बार लगाने से बेहतर परिणाम मिलेगा।

नीबू रस-नारियल तेलः किसी बाउल में एक बड़ा चम्मच नीबू का रस लें, उसमें एक बड़ा चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इस मिश्रण को स्कैल्प में अच्छे से लगाएं। फिर हल्के हाथों से मसाज करें। फिर आधे घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। जरूरत पड़ने पर कंडीशनर लगाएं। आप हफ्ते में सिर्फ एक बार ही इसे अप्लाई करें। इससे असमय बाल सफेद होना रुकेगा।

नीबू रस-मेथी हेयर पैकः अगर आप डेंड्रफ की समस्या से जूझ रही हैं तो नीबू के रस में मेथी दानों का पेस्ट बनाकर हेयर पैक बना लें। इस हेयर पैक को स्कैल्प पर लगा कर कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें। बाद में ताजे पानी से धो डालें। इससे बालों को पोषण मिलेगा और डेंड्रफ से भी छुटकारा मिलेगा।

नीबू का शैंपूः नीबू का शैंपू बनाने के लिए मेहंदी पावडर में एक अंडा मिलाएं। उसमें एक कप गर्म पानी, आधा नीबू का रस मिलाएं। जब गाढ़ा पेस्ट बन जाए तो अपनी हथेली में इस शैंपू की कुछ बूंदें लेकर गीले बालों पर धीरे से मालिश करें। जब झाग बन जाए तो साफ पानी से धो डालें।

एवोकाडो-नीबू शैंपूः इसे बनाने के लिए एक एवोकाडो, 4 कप कैमोमाइल चाय, 1/4 कप ताजा नीबू का रस लें। एवोकाडो का गूदा, कैमोमाइल चाय, नीबू का रस अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। इस मिश्रण को गीले बालों में लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। 15 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें।

डाइट एडवाइस
अंजू जैन

अच्छी सेहत बहुत हद तक पौष्टिक खान-पान की आदत और सही जीवनशैली पर निर्भर करती है। अगर हम खान-पान की सही आदतें और बेसिक रूल्स अपना लें, तो हेल्दी रह सकती हैं। कुछ यूजफुल डाइट रूल्स के बारे में जानिए।

फॉलो करें डाइट रूल्स आप रहेंगी हेल्दी

हम सभी भूख लगने पर स्वादिष्ट भोजन करना चाहते हैं। इससे पेट भरता है, मन को संतुष्टि मिलती है। लेकिन भोजन केवल स्वाद के लिए नहीं शारीरिक-मानसिक सेहत को ध्यान में रखकर करना चाहिए। इसके लिए भोजन करने के कुछ नियमों का पालन करना जरूरी है।

वैरायटी शामिल करेंः न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि भोजन में रंग-बिरंगी सब्जियां, हेल्दी ऑयल, मेवे, दूध, फल आदि शामिल करने चाहिए। जापान में डाइट हैबिट पर किए गए शोध के नतीजे बताते हैं कि भोजन में वैरायटीज शामिल करने से आपको तरह-तरह के विटामिन और न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। आपको अपनी डेली डाइट में मौसमी सब्जियों और फलों को जरूर शामिल करना चाहिए। अगर आप नॉनवेज खाती हैं तो इसे सीमित मात्रा में ही खाएं। वेज फूड्स को प्रेफरेंस दें।

ओवर ईटिंग से बचेंः अच्छी हेल्थ के लिए ओवर ईटिंग से बचना जरूरी है। जो भी खाएं, भूख से 10-15 फीसदी कम मात्रा में खाएं। स्वाद के कारण या दूसरों के दबाव में अगर आपने दिन में एक टाइम अधिक भोजन कर लिया है तो अगला भोजन हल्का लें। कहने का अर्थ है कि अगर आपने किसी पार्टी में लंच अधिक कर लिया है या मीठा और ऑयली फूड अधिक खा लिया है तो डिनर में कम भोजन लें। अगर आप केवल सलाद खाएं तो यह सबसे बेहतर रहेगा। अगर आपने डिनर में हैवी खाना खाया है तो अगली सुबह जूस या सलाद लेना सही रहेगा।

रुचि लेकर करें भोजनः कई लोग भोजन करते वक्त फोन पर बातें करते हैं, व्हाट्सएप या फेसबुक चलाते हैं, न्यूज पेपर, मैगजीन पढ़ते हैं या फिर टीवी देखते हैं। कुछ लोग बहुत हड़बड़ी में भोजन करते हैं और इसे एक काम समझ कर निपटा देते हैं। इसी प्रकार कुछ लोग भोजन को सिर्फ पेट भरने का जरिया मानकर कुछ भी खा या पी लेते हैं या फिर बाजार से मंगवा कर जंक फूड खा लेते हैं। ऐसी सभी आदतें सेहत के लिए सही नहीं होती हैं। भोजन को रुचि के साथ पकाना और खाना चाहिए। तरह-तरह के स्वाद वाला पौष्टिक भोजन करना स्वास्थ्यवर्धक होता है। भोजन बनाने में अच्छी क्वालिटी वाली ताजी सब्जियां, मसाले, आटा, चावल आदि का इस्तेमाल करें। भोजन रुचिकर होने के साथ हाइजीनिक भी होना चाहिए। इसी प्रकार भोजन करते वक्त हर कौर का आनंद लें, चबाकर, पूरा स्वाद लेते हुए धैर्यपूर्वक भोजन करें ताकि उसका सही ढंग से पाचन हो और भोजन तन को लगे।

स्वाद को न दें अधिक महत्वः तेज मसालों और ज्यादा तेल में फ्राई किया हुआ चटपटा भोजन देखने और खाने में भले ही स्वादिष्ट और सुंदर लगता हो लेकिन यह सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होता है। हर रोज रेस्तरां में जाकर या डिब्बाबंद भोजन खाने की आदत न डालें बल्कि हल्का और आसानी से डाइजेस्ट होने वाला भोजन करें। दिखने में आकर्षक भोजन की बजाए सेहत के लिए फायदेमंद भोजन को इंपॉर्टेंस दें।

स्प्राउटेड-फर्मेंटेड फूड लेंः दही, ढोकला, इडली जैसे फर्मेंटेड फूड पेट की सेहत और पाचन के लिए फायदेमंद होते हैं। इनमें पोषक तत्व भी होते हैं। इसी प्रकार अंकुरित अनाज फाइबर, विटामिन और मिनरल्स के अच्छे सोर्स होते हैं। इनका नियमित सेवन बेहद जरूरी है।

(डायटिशियन संगीता मिश्रा से बातचीत पर आधारित)

खबर संक्षेप

पीजीआई में रिसर्च कॉन्क्लेव 21 को

रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय 21 मार्च को अपने तीसरे विश्वविद्यालय रिसर्च कॉन्क्लेव का आयोजन करने जा रहा है। कुलपति डॉ एच.के. अग्रवाल ने सोमवार को सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए और सुश्रुत सभागार का निरीक्षण किया।

पासवर्ड, ओटीपी किसी के साथ साझा न करें

रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की एनएसएस की चारों इकाइयों द्वारा मायना में लगाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत एनएसएस स्वयं सेविकाओं ने जुंबा डांस के साथ की। यूथ फॉर माई भारत और डिजिटल लिटरेसी थीम पर आधारित इस शिविर का उद्देश्य स्वयंसेविकाओं में सामुदायिक सेवा, नेतृत्व और सामाजिक जागरूकता की भावना पैदा करना है।

स्वामी कपिल पुरी की माता का निधन

रोहतक। पंचदशनाम जूना अखाड़ा के उप आचार्य गोकर्ण पीठाधीश्वर स्वामी कपिल पुरी की माता शीला देवी का निधन हो गया। जिससे पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। मां के अंतिम दर्शन करने के लिए धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक जगत की नामचीन हस्तियां पहुंची। उनका कहना था कि सादगी की प्रतीक शीला देवी त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति थी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि मां को हम भगवान के रूप में देखते हैं। वह अपने बच्चों को हर मुश्किल से बचाने का हर संभव प्रयास करती है और खुद मुश्किल को सहती है।

20 मार्च से 10 अप्रैल तक एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 20 मार्च से 10 अप्रैल तक यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज के तत्वावधान में सॉफ्ट स्किल्स एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट की परियोजना निदेशिका प्रो. शालिनी सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण तथा मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पुलिस लाइन में हुई परेड व योग

रोहतक। पुलिस लाइन में सोमवार की साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। एएसपी वाएवी आर शशि शेखर ने परेड की सलामी ली तथा पुलिस अधिकारियों-जवानों को दिशा-निर्देश जारी किए। एएसपी वाएवीआर शशि शेखर ने कहा कि कानून व शांति व्यवस्था को कायम रखे। कानून के विरुद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ कानून के अनुरूप सख्त कार्यवाही करें। पुलिस लाइन में जवानों द्वारा योगा अभ्यास किया गया। जवानों ने अलग-2 प्रकार के व्यायामों के अभ्यास किए। योग की शुरुआत प्राणायाम से की गई।

अवैध निर्माण पर चला निगम का पीला पंजा

भैयापुर, बोहर व मकड़ौली खुर्द में अवैध कॉलोनियों को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला में नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण-कॉलोनियों के विरुद्घ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत भैयापुर, बोहर व मकडौली खुर्द के आउटर बाइपास पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को तोड़ा गया। इस अभियान के दौरान अवैध कॉलोनियों में इंटरलॉक रोड नेटवर्क, 12 नींव, 5 चारदीवारी व 7 निर्माणाधीन संरचनाओं को तोड़ा गया। इस दौरान दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे अपने रुपये को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न राजस्व संपदाओं में चिन्हित की गई अवैध कॉलोनियों में किसी तरह की खरीद-फरोख्त न करें। अवैध कलॉनियों-निर्माण के विरुद्घ तोड़-फोड़ अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। जिला में अवैध निर्माण-कॉलोनी विकसित नहीं होने दी जाएगी।

अवैध निर्माणों में लगाए पूंजी

जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर-भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते हैं।

टैलेंट ट्री स्कूल की ओपन आर्ट स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

पढ़ाई के दबाव को कम करने और कलात्मक एवं रचनात्मक प्रतिभा निखारने के लिए टैलेंट ट्री स्कूल महम में ओपन आर्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से 1 से 14 वर्ष की उम्र के लगभग 400 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों की आयु के अनुसार कुल 4 ग्रुप थे। बच्चों ने अपनी विभिन्न रंगों से चित्रकारी का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता समाप्त होने पर सभी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। स्कूल के प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है। इससे उनको चाहिए कि उस प्रतिभा को पहचानकर उजागर करें। टैलेंट ट्री स्कूल में विविध प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जा रहा है। इससे बच्चों का न केवल ज्ञानवर्धन होता है बल्कि उनका उत्साहवर्धन भी होता है। ग्रुप से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर विजेता बच्चों को 3100, 2100 और 1100 रुपए का नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी भेंट की गई।

महम। ऑपन आर्ट प्रतियोगिता में भाग लेते टैलेंट ट्री स्कूल महम के विद्यार्थी।

राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में एनएसएस का शिविर

रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन सोमवार की शुरुआत डॉक्टर फुल ढाका के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं द्वारा योग व मेडिटेशन करके की गई। प्राचार्या इंदु सपरा भी इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं के बीच रही। नर्सिंग ऑफिसर अंजलि ने हेल्थ और हाइजीन, न्यूट्रिशन और बैलेंस डाइट जैसे विषयों पर स्वयं सेविकाओं को बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं और उनके समाधान के बारे में बताया। उनकी सहायक इंदु बाला ने स्वयंसेविकाओं को फलों व हरी सब्जियों से भरपूर संतुलित आहार का सेवन करने की सलाह दी।

लिव इन रिलेशनशिप समाज के माथे पर कलंक: सिवाच खाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

फतेहाबाद जिले के गोरखपुर गांव में गत दिवस स्वतंत्रता सेनानी माड़ू राम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती समारोह का आयोजन सिवाच खाप द्वारा किया गया। इस आयोजन में महम क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सिवाच गोत्र के लोग भी पहुंचे। सिवाच खाप के इस कार्यक्रम में खाप चौधरियों ने कहा कि लिव इन रिलेशनशिप समाज के माथे पर एक कलंक है। इस पर अंकुश लगना चाहिए। खाप के प्रवक्ता कृष्ण बडाली ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच जग्गा जैलदार ने की। पंचायत में लिव इन रिलेशनशिप, प्रेम विवाह, गांव गुहाण्डव समगौत्र विवाह सहित हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 में बदलाव करने की मांग रखी गई। सिवाच खाप की तरफ से सभी मुद्दों पर महम चौबीसी से पहुंचे सिवाच गोत्र के लोगों ने भी अपने सुझाव रखे।

महम। सिवाच खाप के कार्यक्रम में महम से पहुंचे पदाधिकारियों को सम्मानित करते समारोह के आयोजक।

जूनियर रेडक्रॉस कैंप का शुभारंभ

■ अस्पताल कल्याण समिति की अध्यक्षा प्रियंका व जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस समिति द्वारा हरियाणा राज्य रेडक्रॉस समिति चंडीगढ़ के निर्देश पर शिक्षा विभाग के सहयोग से स्थानीय राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस कैंप का शुभारंभ किया गया। इस कैंप का शुभारंभ अस्पताल कल्याण समिति की अध्यक्षा प्रियंका एवं जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने किया। अस्पताल कल्याण समिति की अध्यक्षा प्रियंका ने कहा कि स्कूली बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जूनियर रेडक्रॉस कैंप काफी लाभदायक है। ऐसे कैंप समय-समय पर आयोजित किए जाए ताकि बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वे जिला रेडक्रॉस समिति की सभी गतिविधियों में बढ़-चढक़र भाग ले और रेडक्रॉस समिति के सदस्य भी बने ताकि उन्हें भविष्य में समाज सेवा के कार्यों में उनकी और अधिक रुचि बढ़े। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने कहा कि जिला रेडक्रॉस समिति द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

वीसी ने विवि समुदाय को नए ई-वाहन समर्पित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सोमवार को कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विश्वविद्यालय समुदाय को नए ई-वाहन को समर्पित किया। करूर वैश्य बैंक (केवीबी) द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत एमडीयू को प्रदान की गई। इस एनवायरमेंटल फ्रेंडली ई-वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए कुलपति ने अगले शैक्षणिक सत्र से विश्वविद्यालय परिसर को-व्हीकल फ्री कैंपस बनाने की संकल्पबद्धता व्यक्त की।कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने केवीबी का इस ई-वाहन को प्रदान करने पर आभार जताते हुए कहा कि इससे कैंपस के भीतर आवाजाही में विद्यार्थियों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगले तीन महीने में सीएसआर के तहत अन्य कारपोरेट संगठनों से और ई-वाहन मुहैया करवाने का प्रयास किया जाएगा। कुलपति ने एमडीयू तथा कारपोरेट सेक्टर के मध्य बेहतर तालमेल बनाते हुए न केवल विश्वविद्यालयी स्टूडेंट सपोर्ट सर्विसेज को मजबूत किया जाएगा।

प्रदूषण मुक्त परिसर बनाने के लिए प्रतिबद्ध

एमडीयू कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने आभार प्रदर्शन करते हुए केवीबी का इस भेंट के लिए आभार जताया। कुलसचिव ने कहा कि एमडीयू प्रशासन विश्वविद्यालय परिसर को- प्रदूषण मुक्त परिसर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में भविष्य में और अधिक ई-वाहनों की सुनिश्चितता विवि परिसर में की जाएगी।वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट ने इस सीआरएस प्रोजेक्ट की जानकारी दी।

मौजूद रहे

इस अवसर पर डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. अनूप सिंह मान, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, प्रॉक्टर प्रो. राजेश पूनिया, परीक्षा नियंत्रक डॉ. गुलशन लाल तनेजा, डीएसडब्ल्यू प्रो. रणदीप राणा, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. हरीश दूरेजा, रूसा निदेशक प्रो. प्रदीप अहलावत, चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सत्यवान बरोदा, चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सपना गर्ग, लाइब्रेरियन डा. सतीश मलिक, निदेशक आईक्यूएसी प्रो. बी. नरसिम्हन, वाईआरसी प्रोग्राम कोआर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान, समन्वयक, यूटीडी यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रो. सुरेन्द्र सिंह यादव, निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी, आदि मौजूद रहे।

समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ।

भविष्य में भी परिवार पहचान पत्र बनाए जाएंगे शुद्धिकरण भी रहेगा जारी: उपायुक्त

रोहतक। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने कहा कि भविष्य में भी परिवार पहचान पत्र बनाए जाएंगे तथा इनमें शुद्धिकरण भी जारी रहेगा। सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र के आधार पर विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अब तक समाधान शिविरों में प्राप्त 5880 शिकायतों में से 4931 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है तथा शेष 438 लंबित शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है। अन्य शिकायतों में री-ओपन हुई शिकायतें एवं रद हुई शिकायतें शामिल है। यह जानकारी उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार के साथ समाधान शिविर में नागरिकों को दी। उन्होंने परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार द्वारा भविष्य में भी परिवार पहचान पत्र बनाए जाएंगे तथा इन परिवार पहचान पत्रों में शुद्धिकरण भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कि विशेष पहल के तहत एक छत के नीचे सभी विभागों से संबंधित शिकायतों के निपटारे के लिए प्रति कार्य दिवस सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए।

मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना से गरीबों का सपना होगा साकार: वीसी

■ 15 अप्रैल 2025 तक पात्र कर सकते है आवेदन, वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन है पारदर्शी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अंत्योदय परिवारों के शहरी क्षेत्र में अपने घर का सपना साकार करने के लिए एक मरला अर्थात 30 वर्ग गज प्लॉट मात्र एक लाख रुपए में देने के लिए मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना में घुमंतु जाति के परिवारों को प्राथमिकता दी जाती है। पात्र व्यक्ति आगामी 15 अप्रैल 2025 तक मात्र 10 हजार रुपए की न्यूनतम राशि जमा करवाकर इस योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के 16 शहरों में 15696 प्लॉटों का प्रावधान किया गया है। इन शहरों में रोहतक के अलावा चरखी दादरी, सिरसा, फतेहाबाद, सफीदों, महेंद्रगढ़, पलवल, बहादुरगढ़, हिसार, झज्जर, जगाधरी, अंबाला, रेवाड़ी, करनाल, जुलाना व जींद शामिल है। इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए पोर्टल www. hfa. haryana.gov.in पर जाएं।

2 लाख 50 हजार रुपये की सब्सिडी

धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि हाऊसिंग फॉर ऑल विभाग के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रुपए की सब्सिडी का प्रावधान भी किया गया है। योजना के तहत एक लाख 80 हजार रुपए वार्षिक आय वाले परिवार इसके लिए पात्र है। योजना के तहत वेबसाइट के माध्यम से अलॉटमेंट की ऑनलाइन पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। ऑनलाइन आवेदन करने से लेकर सभी साइट के नक्शे वेबसाइट पर उपलब्ध होने तथा सरल बुकिंग भुगतान विकल्प उपलब्ध करवाएं गए है।

फुटबॉल प्रतियोगिता में जींद की टीम रही प्रथम

महम। बाबा कृष्ण नाथ फुटबॉल क्लब द्वारा बहलबा गांव में शहीदी फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 40 टीमें भाग ले रही हैं। 16 मार्च को भूना और जींद की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। इस मुकाबले में जींद की टीम विजेता रही। यह प्रतियोगिता 18 मार्च को सम्पन्न होगी। भाजपा नेता अजीत अहलावत खेलों का शुभारंभ करने पहुंचे। अजीत अहलावत ने खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कहा कि खेलों में भाग लेने से सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलों में भाग लेने से शरीर मजबूत होता है और खिलाड़ी का मानसिक रूप से भी विकास होता है। प्रदेश सरकार भी खेलों को बढावा दे रही है। खिलाड़ियों के कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं।

NOTICE

I, Puneet Magoo S/o Sh. Niraj Pal Magoo R/o H.No. 87/15, Ashok Nagar, Rohtak-124001 (Haryana) declare that I have lost Registry No. 7459 D/L No. 123716 R/C No HR1253309.

परेशान | दुकानदारों ने पार्किंग बनवाने की मांग उठाई

सांपला में वाहनों की पार्किंग नहीं, लगता है जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

प्रदेश के पुराने कस्बों में शामिल सांपला में आज तक पार्किंग के लिए कोई जगह नहीं बनी है। वाहन चालक सड़कों के किनारे अपने वाहन खड़े करने पर मजबूर हैं। इससे पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा बाजार में रेवड़ियां और दुकानदारों का सड़क पर सामान रखा रहता है। जिसकी वजह से भी लोग जाम में फंसे रहते हैं, लेकिन इन गाड़ियों को हटवाने के लिए ट्रैफिक पुलिस कहीं नजर नहीं आती। कस्बे में झज्जर मार्ग, खरखौदा मार्ग मेंन बाजार, पुराना डाकघर, पुराना नेशनल हाईवे बाजार से गुजरने वाले बहादुरगढ़ बाईपास से लेकर बेरी मोड़ से आगे तक जगह जगह रेहड़ी और वाहन खड़े देखे जा सकते हैं। जहां पर पुलिस पूरा दिन तैनात रहती हैं। लेकिन पुलिस इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। इस वजह से वाहन चालकों की मनमानी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे प्रमुख मार्ग हैं, जहां पर पूरा दिन फुटपाथ और सड़क पर ही लोग गाड़ी खड़ा कर चले जाते हैं। इस कारण पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

ध्यान देना चाहिए

कस्बे में पार्किंग की व्यवस्था शून्य है। गांव व दूर से आने वाले लोग अपने वाहनों को पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर ही खड़ा करके चले जाते हैं। शहर में पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि आमजन व वाहन चालको को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। सरकार व प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

- आशिक कुमार

सड़कों पर गाड़ियां

शहर में नो-पार्किंग की समस्या बढ़ती जा रही है। पार्किंग नहीं होने के कारण सड़कों पर गाड़ियों की लंबी लाइन लगी रहती है। इस वजह से वाहन चालकों व आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या का समाधान करने के लिए शहर में पार्किंग सुविधा की आवश्यकता है।

- प्रदीप कुमार।

केवल वादे करते

बाजार में पार्किंग की सबसे मुख्य समस्या है। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहन चालक अपने वाहनों को बाजार में लेकर आ जाते है। इसके कारण दुकानदारों, व्यापारियों व आमजन को परेशानी होती है। सरकार व प्रशासन को पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए। चुनाव में वादे सभी करते है, लेकिन पूरे नहीं किए जाते हैं। संतोष देवी।

रोहिल्ला टांक सभा ने नवनिर्वाचित निगम पार्षदों को किया सम्मानित

महम। रोहिल्ला टांक सभा रोहतक ने नगर पालिकाओं, नगर निगमों और नगर परिषद् चुनावों में पार्षद चुने गए रोहिल्ला समाज के पार्षदों को सम्मानित किया है। डॉ. राजेश आर्य ने बताया कि समस्त हरियाणा प्रदेश से लगभग छ पार्षद रोहिल्ला समाज के चुनकर के आए हैं। जुलाना से सुजाता रोहिल्ला, रोहतक से बेबी रानी रोहिल्ला और कलानौर से पार्षद बनी प्रियंका रोहिल्ला को रोहतक रोहिल्ला सभा ने सम्मानित किया है। रिटायर्ड डीएसपी पृथ्वी सिंह ने बताया कि समाज प्रगति की ओर अग्रसर है। समाज से आग्रह है कि हर स्तर के चुनाव में महिला व पुरुषों को बढ़ चढकर एकजुट होकर भाग लेना चाहिए। ज्योत्सना रोहिल्ला ने भी सभी पार्षदों को बधाई दी। इस अवसर प्रधान राजेन्द्र, मा. संजीत रोहिल्ला, अशोक, सत्यनारायण , मा. हरिराम, एसडीओ महेंद्र , डा. अमित, राजेश पानीपत, महावीर, सतीश आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

फरार चल रहा उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार

रोहतक। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि आरोपी अंशु निवासी इस्माइला अपने दोस्त की मोटरसाइकिल लेकर मौके से फरार हो गया था। जिस संदर्भ में अंशु के खिलाफ थाना अर्बन एस्टेट में केस दर्ज किया गया। 23 जनवरी को अदालत मंगलेश चौबे एसीजेएम द्वारा आरोपी को उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम निरंतर प्रयास कर रही थी। 16 मार्च को पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए उद्घोषित अपराधी अंशु को उक्त मामलें में गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है।

नशीले पदार्थ सहित महिला व युवक काबू

रोहतक। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए युवक व महिला को नशीले पदार्थ सहित काबू किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई हैं। पीजीआईएमएस थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि दिल्ली बाइपास के नजदीक से एक महिला व युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान ज्योती निवासी धारसुल जिला फतेहाबाद व योगेश निवासी मोखरा पाना खेडी जिला रोहतक के रुप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर 17 ग्राम 43 मिलीग्राम अफीम बरामद हुई है।

रक्तदान शिविर 102 यूनिट रक्त किया एकत्रित

रोहतक। श्री राजीव दीक्षित गौ सेवा संस्थान पिनाना सोनीपत में खेलों के आयोजन के साथ-साथ खानपुर और गोहना ब्लड बैंक की दो टीम रक्त संचरण के लिए पहुंची। जिसमें 102 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर संयोजक डॉ. विकास नरवाल ने 50वीं बार रकदान किया। इस अवसर पर सभी बुजुर्गों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. विनय देसवाल, राकेश मलिक आदि मौजूद रहे।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 19 से 29 मार्च तक बिखरेंगे तरह-तरह के रंग

एमडीयू में फिजूल खर्ची रुकवाने की थी मांग पर अब 11 दिन तक छात्र फंड से आएंगी बहार

- पांच सूत्री मांगें पूरी करवाने के लिए कर्मचारियों ने प्रशासन को दिया हुआ है 19 मार्च तक का अल्टीमेटम, इस दिन शुरू होंगे प्रोग्राम

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

गत 4 मार्च को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने वीसी प्रो. राजबीर सिंह को पांच सूत्री मांग पत्र भेजा था। इसमें कर्मियों ने मांग की थी कि यूनिवर्सिटी में रंग-बहार कार्यक्रम आयोजित न किए जाए। इससे छात्रों के फंड की फिजूल खर्ची होती है। कर्मचारियों ने मांगों पर गौर करने के लिए विश्वविद्यालय को 19 मार्च तक का समय दिया था। ध्यान ये भी रहे कि यूनिवर्सिटी ने अब 19 मार्च से ही दस दिवसीय रंग कार्यक्रम करने का ब्रोशर बीते रविवार को जारी कर दिया। 29 मार्च तक अन्य सालों की तरह-तरह ही छात्रों के फंड का पैसा खर्च करके अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

ये था पत्र का मजमून

होली से पहले वीसी को व्यक्तिगत रूप से मांग पत्र दिया गया था। इसकी **पहली मांग** में शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान डॉ. विकास सिवाच और गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान अनिल मल्होत्रा ने कहा था कि विगत कुछ वर्षों में हर बार होली के पावन त्योहार से पहले विश्वविद्यालय को हुड़दंग का अड्डा बना दिया जाता है। पिछले साल शिक्षकों और गैर शिक्षक कर्मचारियों ने बड़ी ही मशक्कत से विश्वविद्यालय की बनी बनाई छवि बचाई थी। लेकिन असामाजिक तत्व यूनिवर्सिटी की छवि को लगातार धूमिल कर रहे हैं। ऐसे में इन पर तुरंत प्रभाव से रोक लगने चाहिए। सूत्र बताते हैं कि जब वीसी को मांगपत्र दिया जा रहा था तो एक प्रधान की कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के साथ तीखी बहस तक हो गई थी। इसके बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने तुरंत 6 और 7 मार्च को रंग बहार प्रोग्राम रद कर दिया। लेकिन अब उसके एवज में 11 दिन का प्रोग्राम तय करके तैयारियां शुरू कर दी हैं।


MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY TEACHERS' ASSOCIATION, ROHTAK
महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय शिक्षक संघ, रोहतक
Office Address

कर्मचारियों का मांगपत्र

दूसरी डिमांड में रंग बहार, रंग तरंग, रंग सर्जन इत्यादि नाम के कार्यक्रम विश्वविद्यालय के आर्थिक संसाधनों को खराब करने के अलावा और कुछ नहीं है, ऐसा कहा गया था। ये भी बताया गया था कि विश्वविद्यालय के अलावा शहर के सारे हुड़दंगी इन कार्यक्रमों में शामिल होते हैं।

तीसरी डिमांड में कहा गया था कि विश्वविद्यालय में बागवानी अच्छी बात है लेकिन 50 रुपए के एक एक पौधे लाकर 2.50 लाख से तीन लाख रुपए व्यर्थ किए जा रहे हैं। जोकि किसी भी रूप में सही नहीं है। बागवानी के लिए सारे साल हरे भरे फूलों से लदे पौधे लगाने की मांग कर्मचारियों ने की थी।

चौथी मांग में अनेकों प्रकार के सलाहकार विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लगाने पर विरोध दर्ज करवाया गया। इस डिमांड में कहा गया था कि सलाहकारों पर हर महीने लाखों रुपये खर्च होते हैं। जबकि इनमें से ज्यादातर का विश्वविद्यालय में कोई काम भी नहीं है।

पांचवीं मांग करते हुए डॉ. सिवाच और मल्होत्रा ने कहा था कि सेवानिवृत्ति के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने अनेकों शिक्षकों एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों को दो दोख साल तीन-तीन साल से मकान दे रखे हैं। उनसे लोक निर्माण विभाग के हिसाब से किराया नहीं वसूला जाता। जिससे विश्वविद्यालय को लाखों रुपए का चूना लग जाता है।

19 तक का है अल्टीमेटम

कुलपति से कर्मचारियों ने कहा था कि दोनों ही संघ इन कार्यक्रमों के खिलाफ हैं। आर्थिक रूप से विश्वविद्यालय कमजोर स्थिति में है। इसलिए हर एक पैसा सम्भत कर खर्च करने की जरूरत हैं। आज विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी साथी आपसे यही उम्मीद करते हैं कि आप तुरंत इस रंग बहार, रंग तरंग, रंग सर्जन इत्यादि कार्यकर्मों को बंद करने का आदेश देंगे और विश्वविद्यालय के पैसे बचाने का काम करेंगे। ज्ञापन में कहा अगर अगले 15 दिन में कोई भी गलत माहौल विश्वविद्यालय में बनता है, अनहोनी होती है और विश्वविद्यालय प्रशासन इन कार्यक्रमों की इजाजत देता है तो सीधे तौर पर विश्वविद्यालय प्रशासन ही दोषी होगा। विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा ने कहा कि महोत्सव का आरंभ 19 मार्च को रंग बहार पुष्प उत्सव से होगा। और समापन रंग-तरंग म्यूजिकल इवेंट से 29 को टैगोर सभागार में होगा। कलात्मक अभिव्यक्ति को समर्पित रंग सृजन इवेंट 24-25 को विजुअल आर्ट्स विभाग में आयोजित किया जाएगा। गायन-वादन व संगीत को समर्पित रंग सुर इवेंट टैगोर सभागार में 24-25 को आयोजित किया जाएगा। संगीत विभाग की प्रोफेसर डा. विमल इस इवेंट की संयोजिका हैं।रंग महोत्सव के तहत थिएटर इवेंट रंग-रास 26-27 को राधाकृष्णन सभागार में आयोजित किया जाएगा। साहित्यिक रंग को समर्पित रंग कलम इवेंट 27 को ही होगा।

प्रदेश के एक भी किसी विश्वविद्यालय में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की तरह छात्रों के फंड का दुरुपयोग नहीं किया जाता है। हम कार्यक्रम के विरोध में हैं और रहेंगे। ग्यारह दिन के प्रोग्रामों से छात्रों की कितनी पढ़ाई बाधित होगी, इसका इल्म यूनिवर्सिटी को भी अच्छे से हैं। लेकिन फिर भी कार्यक्रम जरूर किए जाएंगे।
-डॉ. विकास सिवाच, अध्यक्ष, शिक्षक संघ, एमडीयू रोहतक

लिंग संवेदनशीलता विषय पर कार्यशाला आयोजित

रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल में सीबीएसई कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय लिंग संवेदनशीलता रहा। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन डॉ. बानी गोदारा तथा सुषमा सुहाग ने बताया कि लिंग संवेदनशीलता उद्देश्य सभी के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना है। इस कार्यशाला में द आर्यन ग्लोबल स्कूल के अतिरिक्त गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत, एसवीएम इंटरनेशनल स्कूल बालंद तथा श्री रमा भारती पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ ने भाग लिया। कार्यशाला में शिक्षकों के लिए अनेक रोचक गतिविधियां करवाई गई, प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने सभी का आभार प्रकट किया।

दी रोहतक केंद्रीय सहकारी बैंक में चोरों ने लगाई सेंध

- पिछली साइड से खिड़की तोड़कर बैंक में घुसे चोर, चोरी की वारदात को नहीं दे सके अंजाम
- छुट्टी के बाद सुबह बैंक में कर्मचारी पहुंचे तो हुआ वारदात का खुलासा
- सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह मौके पर पहुंचे, एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

महम चीनी मिल में स्थित दी रोहतक केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा में एक बड़ी वारदात सामने आई है। रात के समय चोरों ने बैंक में सेंध लगा दी और चोरी के इरादे से चोर बैंक में घुस गए। लेकिन किसी कारण वे चोरी की वारदात को अंजाम नहीं दे सके। गनीमत रही कि चोर अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके। शनिवार को बैंक कर्मचारी रोजाना की तरह शाम के समय बैंक को बंद करके घर चले गए थे। रविवार को बैंक की छुट्टी थी। सोमवार सुबह बैंक कर्मचारी ड्यूटी पहुंचे, तो बैंक में रिकॉर्ड व अन्य सामान बिखरा पड़ा था। बैंक की पिछली दीवार जो कैंटीन के साथ लगती है, उस दीवार की खिड़की टूटी पड़ी थी। लेकिन कैश, रिकॉर्ड व अन्य सामान चैक किया गया, तो सब सलामत मिला। चोर बैंक का कैश व अन्य सामान चोरी नहीं कर पाए। बैंक मैनेजर विक्रम सिंह ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही महम थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया। एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए। मिल के एमडी मुकुंद को भी जब इस बात की जानकारी मिली तो उन्होंने भी इस संबंध में मिल कर्मचारियों से पूछताछ की है।

महम। महम चीनी मिल स्थित बैंक की वह शाखा जिसमें चोरों ने सेंध लगाई है व बैंक के पीछे की दीवार में बने इस जंगले को उखाड़कर बैंक के अंदर घुसे थे चोर। बैंक ने राजमिस्त्री बुलाकर अब इस जंगले को स्थाई रूप से बंद करवा दिया है। फोटो : हरिभूमि

बैंक के सीसीटीवी बंद मिले

महम थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि बैंक के सीसीटीवी कैमरे बंद मिले हैं। महम चीनी मिल में लगे कैमरों की जांच पड़ताल की जा रही है। इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। दोषी का पता चलते ही उसके काबू कर लिया जाएगा।

कर्मचारियों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला रोहतक के कर्मचारियों ने कर्मचारी जन असेंबली उपायुक्त कार्यालय पर चलाई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच व संचालन जिला सचिव मनजीत पांचाल ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में राज्य सचिव जयवीर चहल और ऑडिटर मुकेश खरब मौजूद रहे। इस मौके पर बिजली निगम, सिंचाई विभाग, पब्लिक हेल्थ विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, हरियाणा रोडवेज, सीटू, नागरिक मंच, किसान सभा, महिला जनवादी संगठन, हेमसा, हुड्डा विभाग एवं सामाजिक संगठन के व्यक्तियों ने भाग लिया। संगठन के नेताओं ने कर्मचारी जन असेंबली में हरियाणा का अलग से वेतन आयोग का गठन किया जाए। इस प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए इस आयोग के लोगों को फायदे बताए और इसे जनसंगठनों से पास करवाते हुए। इसका ज्ञापन उपायुक्त रोहतक के माध्यम से हरियाणा सरकार को भेजा। उन्होंने कहा कि वे सरकार से मांग करते हैं कि हरियाणा में अलग से वेतन आयोग का गठन हो, वेतन आयोग गठन होने तक अंतरिम राहत दी जाए, वेतन विसंगति दूर हो, पुरानी पेंशन बहाल हो, कच्चे कर्मचारी पक्के हो आदि मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा लड़ाई के मैदान में है। इस मौके पर धर्मराज कुंडू, विकास दहिया, शिवकुमार, दीपक जांगड़ा, राकेश लकड़ा, राहुल हुड्डा, जय भगवान चहल, कमल सिंहमार, सतवीर सिंह, जगमति सांगवान, जगपाल सांगवान, प्रमोद गोरी, लाभ सिंह हुड्डा, राजेश, राजेंद्र डाबला मौजूद रहे।

अनुशासन में रहकर जो कुछ भी सीखा जाए वह अवश्य ही फलित होता है

- शिक्षा भारती विद्यालय में प्रांतीय आचार्य घोष वर्ग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड पर प्रांतीय आचार्य घोष वर्ग का आयोजन किया गया। सोमवार को मुख्य वक्ता अनिल कुमार ने शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन में रहकर जो कुछ भी सीख जाए वह अवश्य ही फलित होता है और हमारे जीवन तथा व्यक्तित्व निर्माण एवं परिवर्तन में सहायक होता है। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वर्ग संयोजक मनजीत मलिक ने बताया कि प्रशिक्षकों द्वारा घोष वादन की विभिन्न तकनीकों एवं शिक्षकों की भूमिका पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। सभी अतिथियों ने इस अवसर पर शिक्षकों को घोष वर्ग के महत्व से अवगत कराया और विद्यालय में इस तरह के आयोजनों की सराहना की।

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक रामचरण सिंगला, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक एवं डॉ. दिनेश मदान ने शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष कृष्ण गुप्ता, संपूर्ण सिंह, गोहाना विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, प्रधानाचार्य प्रमोद सहित अन्य उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5×8 सें.मी 10×8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 21 पार्षदों ने दिए शपथ पत्र

रोहतक। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सोमवार को 30 में से 21 रोहतक पंचायत समिति सदस्यों ने अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने शपथ पत्र दिए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने ये शपथ पत्र पंचायत विभाग को भेज दिए हैं। ताकि सदस्यों की मांग पत्र प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू हो सके। ध्यान रहे कि इससे पहले भी गत 31 जनवरी को ऐसे ही शपथ दिए गए थे। उस समय शपथ एक व्यक्ति द्वारा एक अफसर को दिए थे।

बताया जा रहा है कि तब शपथ पत्र देने वालों की संख्या 15-16 के करीब थी। संख्या कम होने की वजह से सदन में अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता था। लेकिन अब संख्या एक तिहाई बताई जा रही है। ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर प्रशासन ने कार्रवाई करनी पड़ेगी, लेकिन कार्रवाई प्रारंभ करने के प्रथम चरण में ही अधिकारी शपथ पत्र देने वालों सदस्यों की परेड/ शिनाख्त करवाई जाएगी। क्योंकि कई बार शपथपत्र देने वाले कह देते हैं कि उस पर उनके हस्ताक्षर नहीं हैं।

नहरों के जल को स्वच्छ रखना सामूहिक जिम्मेदारी: गिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

लघु फिल्मों व नाटकों के निर्देशक, लेखक, निर्माता और कलाकार टाइम पास कॉमेडी के निर्देशक पवन गिल, जोगेंद्र कुंडू सहित 15 कलाकारों का सुनो नहरों की पुकार मिशन टीम द्वारा दिल्ली बाइपास के निकट नहरों पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। मिशन के सदस्यों और कलाकारों ने सभी के साथ मिलकर नहरों के जल को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए जन-जन तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचने का आह्वान किया गया। अंत में सभी कलाकारों को विशेष स्मृति चिह्न देकर मिशन द्वारा सम्मानित किया। वहीं, मिशन की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक टीम के मुख्य सूत्रधार जतीन मलिक ने अपने नाटक से वाहवाही भी लूटी। सम्मान समारोह में मंच संचालन डॉ. जसमेर सिंह ने किया।

मिशन के मुख्य संरक्षक डॉ. जसमेर सिंह व संरक्षक दीपक छारा ने बताया कि मिशन के विशेष निवेदन पर टाईम पास कॉमेडी द्वारा नहरों के जल को स्वच्छ व निर्मल रखने के लिए एक एपिसोड बनाया था। जिसे लोगों ने काफी सराहा भी और जिसका असर भी हो रहा है। टाइम पास कॉमेडी के निदेशक पवन गिल ने उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों और आमजन से आह्वान किया कि हरियाणा जैसे समृद्धशाली प्रदेश में नहरी जल जीवन का मुख्य आधार है। अतः इसे प्रदूषण मुक्त रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इस कार्य में यह मिशन पिछले तीन वर्ष सात महीने से बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। अतः इनका सहयोग करना हमारा परम कर्तव्य है।

फिल्मी कलाकार जोगेंद्र कुंडू ने कहा कि जल के बगैर हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। अतः प्रकृति ने जो हमें शुद्ध जल दिया है उसे किसी भी अंधविश्वास के चलते प्रदूषित नहीं करना चाहिए। नहरों के जल का बढ़ता प्रदूषण आज बड़ी चिंता का विषय है। समय रहते हमें इसके प्रति सचेत होना होगा ताकि हम सभी शुद्ध जल का प्रयोग स्वयं भी कर सके और आने वाली पीढ़ियां भी प्रयोग कर सकें।

इस दौरान टाइम पास कॉमेडी से खुशीराम घनघस (फण्डू), डॉ. बिजेंद्र मान, अनूप सिंह, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह कादियान, निर्मल कुमार, मनोज सोनी, सुमित रोहिल्ला, रमेश कुमार, सागर गिल, पुष्पा देवी, निर्मल पन्नू और शमशेर वत्स आदि कलाकारों ने भी जल स्वच्छता को लेकर अपने विचार रखे। सम्मान समारोह में स्टार अकादमी, चिराग फोटो स्टूडियो व मदान टेंट हाउस का विशेष योगदान रहा।



ये रहे मौजूद

इस मौके पर सुनो नहरों की पुकार मिशन के महासचिव मुकेश नैनकवाल, सह सचिव अजय हुड्डा, जल कार्यकर्ता डॉ. रविंद्र नांदल, ईश्वर सिंह दलाल, साहब सिंह धामड़, राजेश नरवाल, अजमेर हुड्डा, डॉ. सोनिया मलिक, अशोक मलिक, सुरेश हुड्डा, सतबीर छिकारा, प्रीत सिंह अहलावत, रणबीर मलिक, स्वीटी मलिक, रविंद्र मलिक, राजबीर मलिक, डॉ. संतलाल बुधवार, डॉ. वेदप्रकाश श्योराण, वेदपाल नैन, डॉ. जगदेव विद्यालंकार, शमशेर मलिक, अमित हुड्डा, प्रवीण सहगल, सुंदर जेटली, प्रदीप सहगल, वरुण वाधवा, पवन कुमार, बालकिशन मदान, अशोक दहिया आदि मौजूद रहे।

कुश्ती: 22 और 23 को एमडीयू में भिड़ेंगे भारत-रूस-उज्बेकिस्तान

रोहतक। पाथवे ग्लोबल एलायंस भारत, रूस और उज्बेकिस्तान की सरकारों के सहयोग से भारत-रूस-उज्बेकिस्तान कुश्ती चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 22-23 मार्च को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में होगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में तीनों देशों के बेहतरीन पहलवान, सरकारी अधिकारी और खेल जगत के प्रमुख व्यक्ति भाग लेंगे। चैंपियनशिप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, बशकोर्तोस्तान गणराज्य के उप प्रधानमंत्री, बशकोर्तोस्तान के खेल मंत्री, उज्बेकिस्तान सरकार के अधिकारी और उज्बेकिस्तान एवं रूस के दूतावास के अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इन गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति इस आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बनाएगी। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता प्रारंभिक मुकाबलों, सेमीफाइनल और रोमांचक फाइनल मैचों की गवाह बनेगी, जिसका समापन पुरस्कार वितरण और समापन समारोह के साथ होगा। इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामुदायिक गतिविधियों का भी समावेश किया जाएगा, जो अंतरराष्ट्रीय सौहार्द को बढ़ावा देगा। पाथवे ग्लोबल एलायंस के अध्यक्ष वरुण कश्यप ने कहा कि यह टूर्नामेंट कौशल, खेल भावना और अंतरराष्ट्रीय एकता का उत्सव है। हमें विश्व स्तरीय पहलवानों को मंच प्रदान करने और भारत, रूस और उज्बेकिस्तान के बीच संबंधों को मजबूत करने पर गर्व है। भारत-रूस-उज्बेकिस्तान कुश्ती चैंपियनशिप 2025 का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय खेल सहयोग को बढ़ावा देना और युवा एथलीटों को प्रेरित करना है।